Seat No. : _____

AX-107

May-2016

M.A., Sem.-II

411 : Hindi

(EA स्वरूप आधारित हिन्दी पद्य)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : **सभी** प्रश्नों के **(क)** भाग के उत्तर **500-600** शब्दों में तथा **(ख)** भाग के उत्तर **100** शब्दों में लिखिए ।

1. (क) खंडकाव्य की परिभाषा बताते हुए उसके लक्षणों की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

स्वातंत्र्योत्तरकालीन हिन्दी खंडकाव्यों का परिचय दीजिए ।

(ख) जगदीश चतुर्वेदी का परिचय **4**

अथवा

कुँवर नारायण का परिचय

2. (क) खंडकाव्य के रूप में 'आत्मजयी' का मूल्यांकन कीजिए । **10**

अथवा

'आत्मजयी' की दार्शनिकता पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'आत्मजयी' में संवेदना **4**

अथवा

'आत्मजयी' में भाषा सौंदर्य

3. (क) भाषा सौष्ठव की दृष्टि से 'सूर्यपुत्र' खंडकाव्य की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

खंडकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'सूर्यपुत्र' की समीक्षा कीजिए ।

(ख) 'सूर्यपुत्र' में सामाजिक बोध **4**

अथवा

'सूर्यपुत्र' में संवेदना

4. (क) मिथक काव्य के रूप में 'आत्मजयी' और 'सूर्यपुत्र' की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

'आत्मजयी' और 'सूर्यपुत्र' की समकालीनता पर प्रकाश डालिए ।

(ख) मिथक का स्वरूप **4**

अथवा

मिथक एवं समकालीनता

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

निर्देश : निम्नलिखित विधान सही (✓) है या गलत (✗) बताइए ।

(1) मिथक जीवन के शाश्वत सत्यों को पुन:स्थापित करने के सशक्त माध्यम रहे हैं ।

(2) 'एककंठ विषपायी' एक मिथक काव्य नहीं है ।

(3) खंडकाव्य का क्लेवर महाकाव्य की तुलना में छोटा होता है ।

(4) खंडकाव्य चम्पूकाव्य का एक भेद है ।

(5) 'सूर्यपुत्र' में कुन्ती आधुनिक युग की साहसिक महिला के रूप में चित्रित की गयी है ।

(6) 'सूर्यपुत्र' रचना में विचार और इतिवृत का संयोजन नहीं है ।

(7) 'आत्मजयी' में उठायी गयी समस्या एक विचारशील व्यक्ति की समस्या है ।

(8) नचिकेता अपना सारा जीवन यम या काल या समय को नहीं सौंपता ।

निर्देश : योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(9) नरेश मेहता का खंडकाव्य _____ है ।

(पंचवटी, पंचेश्वर, प्रवाद पर्व, प्रवाद, पर्वत)

(10) खंडकाव्य में धर्म, अर्थ, काम और _____ में से किसी एक की प्राप्ति उसमें अभीष्ट होती है ।

(अमोक्ष, मोल, मोड, मोक्ष)

(11) 'आत्मजयी' पुस्तक के संकेतिक शीर्षकों में एक शीर्षक _____ है ।

(मैं क्या हूँ ?, मैं सर्वत्र हूँ, मैं परलोक हूँ, मैं लोक हूँ)

(12) 'सूर्यपुत्र' रचना मुख्यत: _____ के जीवन की गाथा से सम्बन्धित है ।

(अर्जुन, एकलव्य, युधिष्ठिर, कर्ण)

(13) "मैं जिन परिस्थितियों में जिन्दा हूँ उन्हें समझना चाहता हूँ" _____ बोलता है ।

(वाजश्रवा, नचिकेता, यम, सारथी)

(14) "मैं नहीं बनूँगा सारथी सूतपुत्र कर्ण का" _____ बोलते हैं ।

(गुरु द्रोण, भीष्म, मद्रराज शल्य, दुर्योधन)

_____

Seat No. : _____

AX-107

May-2016

M.A., Sem.-II

411 : Hindi

(EB युग आधारित पद्य)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : **सभी** प्रश्नों के **(क)** भाग के उत्तर **500-600** शब्दों में तथा **(ख)** भाग के उत्तर **100** शब्दों में लिखिए ।

1. (क) प्रगतिवाद के प्रमुख लक्षणों की सविस्तार चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

राजनैतिक एवं साहित्यिक परिवेश के संदर्भ में प्रगतिवादी युगबोध की चर्चा कीजिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : **4**

कला और समाज का सम्बन्ध

अथवा

वर्गगत समाज

2. (क) 'केदारनाथ अग्रवाल की कविताएँ प्रगतिवादी स्वर से युक्त है' – उदाहरण देकर समझाइए । **10**

अथवा

प्रगतिवादी काव्यधारा में केदारनाथ अग्रवाल की साहित्यिक भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : **4**

'चन्द गहनों से लौटती बेर' काव्य में प्रकृति-चित्रण

अथवा

'उदास दिन' काव्य में कवि की व्यथा

3. (क) प्रगतिवादी काव्यशास्त्र में भौतिकवाद और द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

प्रगतिवादी काव्यधारा में गजानन माधव 'मुक्तिबोध' के योगदान की चर्चा कीजिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : **4**

'बसन्ती हवा' काव्य का भावार्थ

अथवा

'बादल को घिरते देखा है' काव्य में प्रकृति-चित्रण

4. (क) नागार्जुन का साहित्यिक परिचय दीजिए । **10**

अथवा

नागार्जुन की कविताओं में प्रकट समाजाभिमुखता का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : **4**

'प्रेत का बयान' काव्य में व्यंग्य

अथवा

'अकाल और उसके बाद' काव्य में अकाल के बाद की स्थिति का वर्णन

5. (क) विधान **सही** हैं या **गलत** लिखिए : **7**

(1) श्रम विभाजन द्वारा वर्ग-भेद उत्पन्न होता है ।

(2) भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ का तीसरा अधिवेशन दिल्ली में हुआ था ।

(3) केदारनाथ अग्रवाल छायावादी कवि रहे हैं ।

(4) प्रगतिवादी साहित्य मार्क्सवादी विचारधारा का प्रतिफलन है ।

(5) नागार्जुन प्रतिबद्ध जनवादी कवि नहीं हैं ।

(6) भौतिकवाद में फायरबाख का महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।

(7) केदारनाथ अग्रवाल साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नहीं हैं ।

(ख) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **7**

(1) प्रगतिवादी लेखकों ने _____ को समाज का जागरूक प्रहरी एवं निर्देशक माना है ।
(समाज सेवक, साहित्यकार, चित्रकार, संगीतकार)

(2) भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष _____ थे ।
(मुल्कराज आनंद, मुंशी प्रेमचंद, सज्जाद जहीर, भवानी भट्टाचार्य)

(3) मार्क्सवादी सिद्धांत के अनुसार उत्पादन ही मनुष्य के सारे कार्यों की _____ है ।
(प्रेरणा, पूँजी, प्रतिफलन, प्रक्रिया)

(4) केदारनाथ अग्रवाल के _____ काव्यसंग्रह को सोवियेत लैन्ड नहेरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।
(अपूर्वा, युग की वाणी, फूल नहीं रंग बोलते हैं, पुष्पदीप)

(5) 'यात्री' उपनाम से लिखने वाले कवि _____ हैं ।
(अज्ञेय, नागार्जुन, निराला, त्रिलोचन शास्त्री)

(6) नागार्जुन की पहली कविता _____ है ।
(चातकी, राम के प्रति, बापू, रजनीगंधा)

(7) 'खेत का दृश्य' काव्य के कवि _____ हैं ।
(मुक्तिबोध, केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन, निराला)

_____